हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 4 अक्टूबर 2025
गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 नगर में बनने वाले विशाल पाषाण जिनालय...


07 इस बार दुर्गा उत्सव चलसमारोह में निकली...




## बासौदा मंडी भाव

गेहूं शरबती
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-3000
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2400
उच्चतम भाव- 2720
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2450
उच्चतम भाव- 2450
चना
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-5551
मसूर
न्यूनतम भाव-5200
उच्चतम भाव-6730
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव- 3031
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-4500
सरसों
न्यूनतम भाव-5590
उच्चतम भाव-7450
मूंग
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-3000
उड़द
न्यूनतम भाव-4410
उच्चतम भाव-6340
धान
न्यूनतम भाव-2736
उच्चतम भाव- 2736
मक्का
न्यूनतम भाव-1250
उच्चतम भाव- 1401

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 6810 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### हार्वेस्टर, रीपर से करा रहे फसल कटाई

**गंजबासौदा।** इन दिनों अनेक ग्रामों के किसान जिनकी सोयाबीन की फसल पककर तैयार हो चुकी है, जिसके चलते किसान कटाई में तेजी से जुट गए हैं। इस साल मजदूरों की कमी और बारिश की आशंका के कारण किसान हार्वेस्टर और रीपर मशीनों से फसल कटवा रहे हैं। किसानों का कहना है कि सोयाबीन की फसल पक चुकी है। बारिश होने पर फसल खराब हो सकती है और गीली होने से मंडी में दाम कम मिलेंगे, इसलिए हार्वेस्टर से कटाई करवाई जा रही है।

# दूसरे दिन भी चलता रहा बेतवा नदी पर मां दुर्गा की झांकियों का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा








शुक्रवार को दूसरे दिन भी मां दुर्गा की झांकियों का विसर्जन दिन भर एवं देर रात्रि तक चलता रहा। झांकी उत्सव समितियों द्वारा नगर में चल समारोह के साथ झांकियों को विसर्जन के लिए ले जाया गया। इस दौरान डीजे पर चल रहे भजनों, ढोल नगाड़ों की थाप पर महिला, पुरुष श्रद्धालु नाचते हुए गुलाल उड़ाते हुए चल रहे थे।


इस दौरान झांकी संचालकों ने देवी प्रतिमाओं को आकर्षक विद्युत साज सज्जा के साथ मंच पर विराजमान किया था और दर्जनों महिला पुरूष श्रद्धालुओं के साथ देवी प्रतिमाओं को समारोह पूर्वक विसर्जन के लिए ले जाया गया। दूसरे दिन भी प्रशासन द्वारा बेतवा नदी के विभिन्न घाटों पर प्रतिमा विसर्जन की व्यवस्थाओं सहित सुरक्षा प्रबंध किए और प्रशासनिक अमला दूसरे दिन भी पूरे समय तैनात रहा। गुरुवार को पाठशाला परिवार एवं व्यापार महासंघ के पदाधिकारियों ने जय स्तंभ चौक पर विसर्जन के लिए जाती हुई झांकियों के अध्यक्ष एवं उनके प्रतिनिधियों को माता रानी की चुनरी पहना कर उन्हें शील्ड देकर सम्मानित कर पुष्प वर्षा की।

इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र यादव, समाजसेवी एवं व्यापार महासंघ के संरक्षक मनोज यादव, पूर्व अध्यक्ष मनोज डागा, पार्षद प्रतिनिधि संजय भावसार, हार्डवेयर एसोसिएशन अध्यक्ष सुरेश तनवानी महासंघ उपमंत्री लकी अग्रवाल, समाजसेवी मनोज गुप्ता, शैलेंद्र यादव, कवि आशीष दुबे, अमित अग्रवाल, कवि नीलेश चतुर्वेदी, पत्थर एसोसिएशन अध्यक्ष अमित जैन, विश्व हिंदू परिषद से मुकेश सेन ,कल्लू मामा, पूर्व पार्षद आदेश जैन, पार्षद मनीष विश्वकर्मा, कपिल गुप्ता, लाखन गुर्जर सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। झांकी विसर्जन के दौरान जयस्तंभ चौक सहित विभिन्न पाइंटों पर भी पुलिस कर्मी यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे। उधर देवी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए निकले चल समारोह के कारण सडकों पर काफी भीड़ भाड़ रही और इस कारण जगह जगह जाम की स्थिति निर्मित होती रही। ऐसे में यातायात पुलिस द्वारा नागरिकों के सहयोग से जाम खुलवाते हुए यातायात व्यवस्था बनाए रखने में काफी मशक्कत की जाती रही। वहीं दशहरा के अवसर पर पाठशाला ग्राउण्ड में तेज आतिशबाजी के साथ रावण के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में नागरिकगण मौजूद रहे। जिन्होंने रावण के पुतला दहन और आतिशबाजी का आनंद उठाया।

### जैन समाज के प्रत्येक घर को गर्भ गृह में मंगल शिला रखने का मिला सौभाग्य

# नगर में बनने वाले विशाल पाषाण जिनालय का हुआ शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा








नगर में बनने वाले विशाल पाषाण जिनालय का मंगल शिलान्यास कार्यक्रम बड़े ही भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। शिलान्यास कार्यक्रम में समाज बंधु, जन प्रतिनिधियों के अलावा सर्व समाज सर्व धर्म के अनुयायी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय महावीर विहार में प्रातः 6 बजे से प्रारंभ हुआ जिसमें मुख्य शिला पुण्यार्जक बनने का सौभाग्य अनिल कुमार, अमित कुमार नागरिक बैंक परिवार को प्राप्त हुआ। जिन्होंने सर्व प्रथम बाल ब्रम्हचारी तरुण भैय्या के कुशल निर्देशन में धार्मिक क्रियाओं के साथ गर्भ गृह का भूमि पूजन प्रारंभ किया। वहीं सुबह से बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुओं ने भी भैय्या जी के निर्देशन में अभिषेक शांतिधारा के उपरांत अपने अपने घर से लाई हुई शिला शुद्धि कर अभिमंत्रित की। आचार्य विद्यासागर महाराज के मंगल आशीर्वाद एवं नवाचार्य समय सागर महाराज के अज्ञानुवर्ती शिष्य निर्यापक मुनि संभव सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में नगर में प्रथम विशाल पाषाण जिनालय का निर्माण होने जा रहा है। यह जिन मंदिर लगभग 10000 वर्ग फीट में निर्मित होगा। मंदिर का संपूर्ण निर्माण पाषाण से किया जाएगा जिसमें सीमेंट, सरिया और गिट्टी का उपयोग नहीं किया जाएगा।

मंदिर निर्माण के लिए लगभग 15 फीट गहरी नींव खोदी गई है। जिसमें भूमि पूजन और शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सकल जैन समाज के लगभग 800 से अधिक परिवारों ने अपने अपने घर से मंगल शिला लाकर गर्भ गृह में स्थापित करने का सौभाग्य प्राप्त किया। वहीं जैन समाज के अलावा शिलान्यास कार्यक्रम में जन प्रतिनिधि और जैनेत्तर समाज के अनुयायी भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के उपरांत नगर के प्रमुख चौराहे नेहरू चौक पर जैन समाज ने अभय सेना के सहयोग से मिष्ठान वितरण कार्यक्रम आयोजित किया।

# हमले के आरोपियों पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा

त्योंदा थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम हामिदपुर में गुरुवार को रात्रि के समय हुए विवाद में कुछ लोगों ने पुजारी परिवार पर हमला कर दिया। पुलिस ने इस मामले में हमलावरों के खिलाफ प्राणघातक हमले का प्रकरण दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी राजेंद्र शर्मा द्वारा ग्राम हमीदपुर में स्थित राम जानकी मंदिर में पूजा पाठ का काम किया जाता है, जिसको लेकर गांव के लोगों से पूर्व से विवाद चला आ रहा है। रात्रि के 10 बजे पुरानी रंजिश के चलते गांव के भूपेंद्र लोधी, निर्बल लोधी, पप्पू लोधी, वीर सिंह लोधी, बदन सिंह लोधी, बाबू सिंह लोधी, उत्तम सिंह लोधी एवं रघुनाथ लोधी द्वारा फर्सा, बल्लम एवं डंडा से राजेन्द्र और उसके परिजनों पर हमला कर दिया गया। जिसमें हरिलाल शर्मा उम्र 60 वर्ष, राजेंद्र शर्मा उम्र 26 वर्ष, मोहर बाई शर्मा उम्र 55 वर्ष घायल हो गए। इन घायलों का त्योंदा अस्पताल में उपचार के बाद उच्च उपचार के लिए विदिशा रेफर किया गया है।

वहीं पुलिस ने 8 आरोपियों पर धारा 109, 296, 331(2), 115(2), 324(4), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आरोपी निर्बल सिंह लोधी एवं बदन सिंह लोधी को हिरासत में ले लिया है और शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। ग्राम में कानून व्यवस्था नियंत्रण में है। बताया जाता है कि यह विवाद ग्रा हामिदपुर में स्थित रामजानकी मंदिर की जमीन को लेकर हुआ है।

### ब्राह्मण समाज ने की बदमाशों पर कार्रवाई की मांग



**गंजबासौदा।** शुक्रवार को ब्राह्मण समाज द्वारा सिटी थाना पहुंचकर थाना प्रभारी संजय वेदिया को शिकायत कर असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने और नागरिकों को भय मुक्त रखने की मांग की गई। समाज के लोगों ने बताया कि गत दिवस मुस्कान टॉकीज के सामने रहने वाले मनीष पाठक का कुछ युवकों से विवाद हो गया था। जिस पर दोनों पक्षों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उस समय विवाद कर रहे युवक थाने में भी काफी नशे में धुत थे। इसके बाद दूसरे दिन वही युवक रात के समय मनीष के घर के बाहर हथियारों के साथ पहुंच गए और गाली गलौंच कर धमकाने लगे। जिससे परिवार के लोग डरे हुए हैं। ऐसी घटनाओं और पुलिस द्वारा कार्रवाई न होने से नागरिकों में असुरक्षा की भावना बढ रही है। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज अध्यक्ष संतोष शर्मा, प्रभात शर्मा, गगन दुबे, विपिन तिवारी आदि रहे मौजूद।

### धार्मिक व राष्ट्रीय भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले पर मामला दर्ज करने की मांग



**गंजबासौदा।** शुक्रवार को शाम के समय विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल द्वारा सिटी थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें सोशल मीडिया के माध्यम से धार्मिक एवं राष्ट्रीय भावनाओ को ठेस पहुंचाने वाले सिरोंज निवासी असद खान पर मामला दर्ज करने की मांग की गई। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि असद खान द्वारा भारत माता को डायन जैसे शब्दों का उपयोग कर लिखा गया कि भारत माता की पूजा पिशाच (राक्षस) लोग करते हैं। इस प्रकार की टिप्पणी करके सम्पूर्ण हिन्दू समाज की भावनाओ को ठेस पहुचाने का काम किया किया है। साथ ही राष्ट्रीय भावनाओ के साथ खिलवाड़ किया गया है, ऐसे देशद्रोही व्यक्ति के खिलाफ देशद्रोह एवं धार्मिक भावनाओं को ठेश पहुंचाने का तत्काल मामला दर्ज किए जाने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया है कि अगर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो विश्व हिन्दू परिषद् बजरंग दल आन्दोलन करने के लिए बाध्य होगा। इस अवसर पर नीलेश अग्रवाल, अजय जैन, विक्रम राजपूत, नितिन यादव, मयंक टांक, विवेक विश्वकर्मा, नारायण सोनी, नरेश, भजन प्रजापति,लाला, विक्की, प्रद्युम्न सेन, मोनू शर्मा, योगेश समैया, मोनू कुर्मी, अतुल ठाकुर, गगन दुबे, सचिन श्रीवास्तव,अवध कुमार जैन, लालचंद्र, सोनू समैया, टोनी अहिरवार, वीरन सहित अनेक नागरिक मौजूद थे।

# नेत्र शिविर में हुई 56 मरीजों के आंखों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



मिल रोड स्थित सद्गुरु विज़न सेंटर पर स्व. नारायण सदाशिव सेवा संस्थान के सहयोग से नेत्र शिविर का आयोजन किया गया और सांसद संजय सिंह के जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप मे मनाया गया। जिसमें डॉ. राजकरण वर्मा एवं डॉ. राघव त्रिपाठी ने लगभग 56 मरीजों के नेत्रों का परीक्षण कर उन्हें नेत्र रोगों से बचाव के तरीके बताए। वहीं 20 लोगों को दवाइयों का वितरण किया, 11 मरीजों को मोतियाबिन्द चिन्हित किया, 10 लोगों को चश्मे वितरित किए, 15 लोगों को चश्मे के नंबर निकाले गए। उक्त जानकारी शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले ने देते हुए कहा की शिविरों का आयोजन ट्रस्ट के रवि उपाध्याय के मार्गदर्शन में लगातार किया जा रहा है। इस अवसर पर अनेक लोग मौजूद रहे।

### दशहरे पर हुआ आयोजन

# अनेक बच्चों के हुए मुंडन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

त्योंदा रोड सिन्धी कालोनी में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी दशहरे पर वर्षों से चली जा रही परंपरा के अनुसार पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वावधान में मंदिर प्रांगण में बच्चों के मुंडन संस्कार कार्यक्रम आयोजित किए गए। गुरुवार को भी तीन बच्चों के मुंडन किए गए। यह बहुत पुरानी परंपरा है जो आज भी सिंधी समाज उसी को मानती आ रही है। जिन घरों के बच्चों के मुंडन होते हैं उन घरों से कड़ाह प्रसाद बनाकर मन्दिर में लाया जाता है मन्दिर में पूजन अर्चन कर वह प्रसाद सभी को वितरित किया जाता है। इस मौके पर सिंधी समाज के पुरुष, महिला वर्ग तथा बच्चे शामिल हुए। युवा वर्ग ढोल नगाड़ों की थाप पर थिरकते हुए नजर आए। इस मौके पर सत्यपाल तनवानी, लालचंद वासवानी, जमीयत राय तनवानी, नानक मामा, हसमत राय वाधवानी, प्रदीप खटवानी, सुरेश तनवानी सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए उमड़े श्रद्धालुजन, सजाई गई जीवंत झांकियां

# नगर में धूमधाम से निकला चल समारोह





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए शुक्रवार सुबह नगर में चल समारोह निकाला गया। इसमें शामिल पात्रों ने विभिन्न पौराणिक कथाओं के अनुसार भेष रखे,जो लोगों में आकर्षण का केन्द्र रहे। नगर के विभिन्न स्थानों पर देवी प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं। इनमें से दर्जनों प्रतिमाओं का विसर्जन गुरूवार की देर रात को कर दिया गया था। इसके अलावा नगर में विसर्जन के बाद पौराणिक स्वरूपों की झांकिया नगर धूमधाम से निकाली गई। इसके लिए रात्रि 4 बजे कष्टम पथ से समारोह की शुरूआत हुई। इस चल समारोह में कलाकारों ने बखूबी प्रदर्शित किया। तों वही नगरवासियों ने भी कलाकारों का तालियों से स्वागत किया। भारतमाता के जयकारों से नगर गुंजायमान हो उठा। इसके अलावा अलग-अलग समितियों द्वारा संजीव झाकिया सजाई गई जो आर्कषक का केन्द्र रही।

#### दर्शनों के लिए उमड़ा जनसैलाब

*चल समारोह में शामिल झांकियों को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण मुख्य बाजार में रात में ही आ गए थे। सुबह झांकियों की शुरूआत के बाद बाजार में पैर रखने के लिए जगह भी नहीं बचीं। प्रातः छः बजे से 11 बजें तक बाजार खचाखच भरा रहा। झांकी निकलने का क्रम दोपहर 2 बजे तक चलता रहा। झांकियों में जीवंत पात्र ही देवता और दानव बनते है। चलित झांकी के पात्र घंटों एक ही जगह खड़े रहकर लोगों को अचंभित कर रहे थे। इस बार भी झांकियों और पात्रों की सजावट और श्रृंगार बेहद सुंदर और आकर्षक था।*

# रावण दहन के साथ बुराई पर हुई अच्छाई की जीत

### धूं-धूं कर जले मेघनाथ और कुंभकरण



**सिरोंज।** नगर में गुरूवार को असत्य पर सत्य, बुराई पर अच्छाई का प्रतीक विजयादशमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भगवान राम ने बुराई के प्रतीक रावण का संहार करते हुए कुंभकरण और मेघनाद के पुतलों को अग्नि के सुपुर्द किया। इस मौके पर सभी श्रद्धालुओं ने जय श्री राम का उद्घोष करते हुए वातावरण को राममय बना दिया। नगर के कटरा मोहल्ले से भगवान श्री राम का रथ निकाला गया, जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए बस स्टेण्ड स्थित तालाब परिसर पहुंचा। तो वही नगर वासियों ने जगह-जगह भगवान आरती उतारकर पूजा अर्चना की। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री राम की आरती उतारकर किया। तत्पश्चात कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया गया और रंगबिरंगी मनमोहक अतिशबाजी चला कर रावण का दहन किया। इस दौरान सैंकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने किया ईवीएम गोडाउन का निरीक्षण

**विदिशा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंशुल गुप्ता ने शुक्रवार को ईवीएम गोडाउन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मोहिनी शर्मा ने बताया कि मासिक रूटीन कार्यक्रम के अनुसार कलेक्टर श्री गुप्ता के द्वारा ईवीएम गोडाउन का निरीक्षण किया गया है।

### निःशुल्क परामर्श एवं दवा वितरण शिविर कल

**विदिशा।** 5 अक्टूबर रविवार सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक समाजसेवी स्व. गोविन्द प्रसाद श्रीवास्तव की पुण्य स्मृति में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन आर्य समाज मंदिर श्रद्धानंद पथ बड़ा बाजार में किया जाएगा। इस शिविर में विशेष रूप से सिर के बालों से लेकर पैर के नाखूनों तक होने वाली शरीर की समस्त बीमारियों का प्रभावी परामर्श, दवाइयां, डाइट परामर्श, नाड़ी परीक्षण आयुर्वेदिक विशेषज्ञ एवं नाड़ी वैद्य डॉ. नेहा श्रीवास्तव, होम्योपैथिक विशेषज्ञ डॉ. हेमंत श्रीवास्तव, डॉ. राकेश श्रीवास, डाइटीशियन रीतेश कुमार श्रीवास्तव आदि टीम द्वारा उपचार किया जाएगा।

### पापांकुश एकादशी पर हुई उदयगिरि परिक्रमा

**विदिशा।** मप्र प्रांतीय पुजारी महासभा द्वारा शुक्रवार को पापाकुंश एकादशी पर सुबह 7 बजे वेंकटेश बालाजी मंदिर से उदयगिरि परिक्रमा शुरू की गई। वेत्रवती के विभिन्न घाटों से होते हुए उदयगिरि पर्वत का परिक्रमा कर चरणतीर्थ धाम आकर पूजन किया गया। परिक्रमा दोपहर 2 बजे वेंकटेश बालाजी मंदिर पर आकर समाप्त हुई। यह परिक्रमा मार्ग लगभग 21 किलोमीटर है। इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ धर्म संरक्षण एवं विदिशा के प्राचीन महत्व को प्रतिपादित करना है।

### राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सौ वर्ष पूरे होने पर निकाला पथ संचलन

**शमशाबाद।** विजयादशमी के पावन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सूर्यनगर द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैदान से विशाल पथ संचलन निकाला गया। परंपरागत शस्त्र पूजन से आरंभ हुए इस आयोजन में नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर उत्साहपूर्वक स्वागत किया। मंच पर मुख्य अतिथि के रूप में रामदेव बाबा मंदिर के मुख्य पुजारी गौरीशंकर शर्मा तथा मुख्य वक्ता प्रांत स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक श्रीकांत बढ़ोले उपस्थित रहे। श्री बढ़ोले ने अपने संबोधन में कहा कि भारत का इतिहास पराक्रम और संस्कृति की रक्षा की अमर गाथाओं से भरा है। उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज, महाराणा प्रताप और पृथ्वीराज चौहान के वीरत्व का स्मरण कराते हुए कहा कि आक्रमणों के बावजूद हमारी संस्कृति कभी नष्ट नहीं हो सकी।

### पिपलधार में संघ का पथ संचलन कल

**पिपलधार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभर में नगर एवं ग्राम स्तरों पर आरएसएस द्वारा संघ शताब्दी वर्ष पथ संचलन का आयोजन 2 से 12 अक्टूबर तक किया जा रहा है। इसी क्रम में सूर्यनगर खंड के पिपलधार मंडल का पथ संचलन 5 अक्टूबर रविवार को सुबह 9 बजे से माध्यमिक शाला प्रांगण पिपलधार से आरंभ होगा। जिसमें पिपलधार एवं बिछिया मंडल स्थित ग्रामों के स्वयं सेवक शामिल होंगे।

### दो खिलाड़ी मप्र अंडर-19 फुटबॉल टीम में चयनित

**विदिशा।** 69वीं राष्ट्रीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता अंडर-19 में भाग लेने के लिए मप्र की टीम जम्मू रवाना हुई। जिसमें विदिशा जिले के दो प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को भी स्थान मिला। रवाना होने से पूर्व विदिशा रेलवे स्टेशन पर एक गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी शिशुपाल सिंह जाटव,शासकीय एक्सीलेंस स्कूल के प्राचार्य खजान सिंह, प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष चतुर्वेदी मौजूद रहे।

---

रातभर निकली शोभायात्रा, भारी संख्या में पुलिस बल रहा तैनात

# इस बार दुर्गा उत्सव चलसमारोह में निकली 250 झांकियां, दूसरे दिन तक चला विसर्जन

- जानकी कुंड में की गई थी विसर्जन की व्यवस्था।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



विदिशा। चलसमारोह देखने हजारों की संख्या में ग्रामीण भी शहर में आए।

विजयदशमी (दशहरे) के अवसर पर दुर्गा उत्सव 2025 चल समारोह गुरुवार रात धूमधाम से निकाला गया। चल समारोह में करीब 250 से अधिक झांकियां निकाली गईं। शुक्रवार तक विसर्जन का दौर चलता रहा।

ऐतिहासिक चल समारोह में विदिशा सहित आसपास की तहसीलों और ग्रामीण क्षेत्रों से ढाई सौ से अधिक झांकियां शामिल हुईं। जगमग रोशनी से सजी झांकियां गुरुवार रात 7 बजे से लेकर शुक्रवार सुबह लगभग 8:30 बजे तक निरंतर निकलती रहीं। कुछ झांकियों का विसर्जन शुक्रवार दोपहर तक वेत्रवती नदी के जल में किया गया। सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी ने बताया कि चल समारोह पूर्णतः शांतिपूर्ण और भव्य रूप से संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि पिछले दो दशकों में ऐसा चल समारोह पहली बार देखा गया, जिसमें रिकॉर्ड संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। विदिशा शहर और ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु माता जगदंबा के दर्शन के लिए उपस्थित रहे और पूरी रात मार्ग पर डटे रहे। दुर्गा उत्सव चल समारोह के संयोजक व सह संयोजक पुनीत महेश्वरी व राहुल कुशवाह ने बताया कि चल समारोह के दौरान पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन, नगर पालिका, बिजली विभाग, पीडब्ल्यूडी, एनडीआरएफ सहित सभी विभागों के अधिकारियों ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई।

### समिति ने इस बार 6 मंचों की व्यवस्था की

पहला मंच सिटी सेंटर पर, जहां झांकियों को नंबर प्रदान किए गए। दूसरा मंच माधवगंज पर, जहां से झांकियों को क्रमबद्ध रूप से निकाला गया। इसके अतिरिक्त मंच नगर पालिका, तिलक चौक, बड़ा बाजार निर्णायक मंडल, और बजरिया में स्थापित किए गए, जिन्हें शुक्रवार सुबह तक प्रभारी संभालते रहे। समिति प्रवक्ता मनोज शर्मा ने बताया कि वेत्रवती के तट पर जब झांकियों का विसर्जन हुआ, तब भक्तिमय माहौल में जय माता दी के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी, संस्थापक अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाह, विधायक मुकेश टंडन, समिति के पूर्व अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह टीलाखेड़ी, चंद्रकुमार शर्मा बल्लू महाराज, अतुल तिवारी, सजीव शर्मा सहित गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

### जय श्रीराम के नारों से गूंजा मेला ग्राउंड

शमशाबाद। विजयादशमी पर्व पर नगर परिषद शमशाबाद द्वारा मेला ग्राउंड प्रांगण में रावण दहन हुआ। कागपुर की प्रसिद्ध रामलीला मंडली ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम और रावण के युद्ध का सजीव मंचन किया गया। प्रभु श्रीराम ने विशालकाय रावण के पुतले को अग्नि बाण से दहन किया। पूरा वातावरण जय श्रीराम के नारों से गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष भारती प्रदीप माहेश्वरी, भाजपा नेता मनमोहन यादव, तहसीलदार प्रेमलता पाल, नगर निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार, सीएमओ अनिल विदुआ, नायाब तहसीलदार डॉ दर्शन लाल नेगी, पूर्व परिषद अध्यक्ष राजेन्द्र जैन, उमाकांत झा, पार्षद मदन कुशवाह, जुगल चौकसे मौजूद रहे।

---

# अब नपा उपाध्यक्ष को वित्तीय प्रभार देने के विरोध में पार्षद



विदिशा। कलेक्टर को ज्ञापन देकर भाजपा के पार्षदों ने जताई आपत्ति।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

नपा में चल रहे घमासान के बीच नपाध्यक्ष से चार्ज लेकर उपाध्यक्ष को दिये जाने पर भी नपा के पार्षद भड़क गये हैं। पार्षदों का कहना है कि उन्होने एक राय होकर अविश्वास प्रस्ताव रखा है। फिर ऐसे में उनकी राय के बिना भाजपा नेताओं के इशारे पर नपा उपाध्यक्ष को चार्ज क्यों दिलाया जा रहा है। इस तरह अध्यक्ष के खिलाफ एकजुट हुए पार्षदों ने फिर नेताओं से विद्रोह कर दिया है।

वहीं इन पार्षदों ने नपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव भी दे रखा है। इस मामले में शुक्रवार को नया मोड़ आया कि भाजपा के कई पार्षदों ने मिलकर कलेक्टर अंशुल कुमार गुप्ता को ज्ञापन दिया।

इसमें कहा गया है कि नपा के पार्षदों की बिना सहमति के महिला अध्यक्ष से वित्तीय प्रभार लेकर पुरुष उपाध्यक्ष को दिए जाने की बात सामने आई है। जो की महिला आरक्षण अधिनियम एवं नगरपालिका अधिनियम के विरुद्ध है। कलेक्टर को दिए ज्ञापन पर पार्षद गीतांजली संदीप डोंगर सिंह, लीलाधर लोधी, अशोक जाट, राखी हिमांशु राजौरिया, चंद्रपाल दांगी, शैलेंद्र भदौरिया, संतोष सोनी, सुनीता नेमा, कपिल साहू, गजेंद्र रघुवंशी, शिवानी सरभैया, संतोष पेंटर, रानू शर्मा, रोशनी किरार, मालती देवी यादव के हस्ताक्षर हैं।

---

### 24 घंटे में हत्या के आरोपी किया गिरफ्तार, जेल भेजा

**विदिशा।** 2 अक्टूबर को डायल-112 पर सूचना मिली कि ग्राम गुरोद में पति-पत्नी के बीच हुए विवाद में पत्नी रीनाबाई आदिवासी घर के अंदर बेहोश अवस्था में पड़ी है। पुलिस मौके पर पहुंची। जांच में पाया गया कि किसी धारदार हथियार से गला रेतकर उसकी हत्या की गई है। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए थाना नटेरन पर मर्ग कायम किया गया। जांच के दौरान मृतिका के पति चरण पिता गोकल आदिवासी पर संदेह गहराया। 24 घंटे के भीतर आरोपी को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। आरोपी को न्यायालय गंजबासौदा में पेश किया गया, जहाँ से उसे न्यायिक अभिरक्षा में उपजेल गंजबासौदा भेजा गया।

### दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के तहत पांच गांव का भ्रमण किया

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** पशु पालन एवं डेयरी विभाग के प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव और कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने संयुक्त रूप से भ्रमण कर जायजा लिया है। प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव ने शुक्रवार को विदिशा जिले के पांच ग्राम पुरेनिया, पीपलखेड़ा कला, अमरापुरा, बेरखेड़ी, खैरखेड़ी में पहुंचकर पशु पालकों से संवाद किया। कलेक्टर ने सभी पशु पालकों को केसीसी जारी करने और पशुओं का बीमा कराने की व्यवस्था क्रियान्वित करने के निर्देश दिए हैं।

# होमगार्ड की सतर्कता से बची दो मासूमों की जान

- लोगों ने की जवानों की बहादुरी की सराहना।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

होमगार्ड जवानों की सतर्कता ने दो मासूमों की जान बचा ली। छोटे बेतवा पुल पर दोपहर में एक बड़ा हादसा टल गया, जब दो बच्चे साइकिल सहित अचानक नदी में गिर गए। मौके पर तैनात होमगार्ड जवानों ने तत्काल सूझबूझ और बहादुरी का परिचय देते हुए स्थानीय गोताखोरों की मदद से दोनों बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

बेस नदी निवासी देव मालवीय पिता जगदीश 12 वर्ष और राज मौर्य पिता जसवंत मौर्य 13 वर्ष साइकिल से छोटे बेतवा पुल से गुजर रहे थे। संतुलन बिगड़ने से दोनों नदी में जा गिरे। होमगार्ड जवान तत्काल हरकत में आए और बिना समय गंवाए गोताखोरों को साथ लेकर बच्चों को बाहर निकालकर उनकी जान बचाई। जिला कमांडेंट मयंक जैन ने बताया कि जवानों की यह कार्रवाई होमगार्ड बल की सतर्कता और सेवा भाव की मिसाल है। नागरिकों ने भी जवानों की बहादुरी की सराहना की तथा इसे बच्चों और उनके परिवार के लिए जीवनदान बताया।

### कलेक्टर ने खनिज विभाग का आकस्मिक निरीक्षण किया

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने शुक्रवार को खनिज विभाग के कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय पहुंचकर सबसे पहले अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा थंब लगाया जा रहा है या नहीं के बारे में पूछताछ की और थंब मशीन का अवलोकन किया। कलेक्टर ने कार्यालयीन स्टाफ के नाम नंबरों की सूची दीवार पर चस्पा करने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद उन्होंने कार्यालय की अलमारियों एवं रिकार्ड संधारण पंजी का अवलोकन किया। उन्होंने कार्यालय में साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कार्यालय के भंडार कक्ष का भी अवलोकन किया है। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर मोहिनी शर्मा सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# 'वोट चोर गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान के लिए विदिशा जिले में बने समन्वयक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने वोट चोर, गद्दी छोड़ कार्यक्रम के हस्ताक्षर अभियान को सफल बनाने जिले के विभिन्न ब्लॉकों में समन्वयक नियुक्त किए हैं।

इन समन्वयक को शीघ्र ही अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर हस्ताक्षर अभियान को गति देने के निर्देश दिए गए हैं। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अरुण अवस्थी ने जानकारी देते हुए कहा कि सभी समन्वयक शीघ्र अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर कार्य प्रारंभ करेंगे ब्लॉक अध्यक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ मिलकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मनसा अनुरूप लोगों से हस्ताक्षर कराकर अभियान को सफल बनाएंगे।

### इनको बनाया गया है समन्वयक

नियुक्त समन्वयक विदिशा ग्रामीण राजकुमार सेन, अहमदपुर पृथ्वी सिंह रघुवंशी, गुलाबगंज संतोष पटेल, अटारी खेजड़ा अमित मेहता, गंजबासौदा शहर राजकुमार पासी, गंजबासौदा ग्रामीण रवि साहू, ग्यारसपुर रमेश तिवारी, त्योंदा आशीष सहेले, हैदरगढ़ शरद शर्मा, ककरावदा इमरान जावेद खान, कुरवाई ग्रामीण कमलेश लोधी, पठारी सेफू गद्दी, अंबानगर सुनील जैन, मेहलुआ चौराह नीलू यादव, बमोरी शाला रवि यादव, पथरिया जितेंद्र यादव, उदयपुर ताराचंद अहिरवार, सिरोंज ग्रामीण लक्ष्मीनारायण शर्मा, लटेरी मनी अहिरवार, मुरवास अर्पित उपाध्याय, आनंदपुर इंदर सिंह यादव, देवपुर नितिन जैन, शमशाबाद ग्रामीण राहुल ठाकुर, देव खजूरी अनुज यादव, पीपलधार गोविंद दांगी, नटेरन उमेश तिवारी, सातपाड़ा हाट बृजभूषण राजपूत, विदिशा शहर रविंद्र जादौन, सिरोंज शहर नीलम रघुवंशी, लटेरी ग्रामीण कमलेश शर्मा, नटेरन ग्रामीण अरुण शर्मा, सातपाड़ा हाट ग्रामीण रविंद्र प्रताप नागौरी को बनाया गया है।

# चार बीएलओ को शोकॉज नोटिस जारी किए

**विदिशा।** निर्वाचन कार्यों में लापरवाही बरतने पर विदिशा जिले के चार बीएलओ को उप जिला निर्वाचन अधिकारी मोहिनी शर्मा के द्वारा शोकॉज नोटिस जारी किया गया है। जिन चार बीएलओ को शोकॉज नोटिस जारी किए गए हैं उनमें प्राथमिक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला सिंधु नगर विकासखंड सिरोंज, मतदान केंद्र क्रमांक 19 दामोदर खेड़ी के बीएलओ ओम प्रकाश कुशवाह, माध्यमिक शिक्षक शासकीय माध्यमिक शाला बीलाढाना विकासखंड बासौदा, मतदान केंद्र क्रमांक 267 बीलाढाना-2 के बीएलओ बालमुकुंद चौरसिया, प्राथमिक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला सलैयापुरा विकासखंड सिरोंज मतदान केंद्र क्रमांक- 7 बामोरी शाला- 3 के बीएलओ तखत सिंह कुशवाहा और माध्यमिक शिक्षक शासकीय माध्यमिक शाला बरूअल विकासखंड कुरवाई, मतदान केंद्र क्रमांक-139 बरूअल के बीएलओ सुरेंद्र मेश्राम शामिल हैं जिन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। शोकॉज नोटिस में उल्लेख है कि वर्तमान में एसआईआर का कार्य प्रगतिशील है, उक्त कार्य समयावधि में किए जाने हेतु निर्वाचन आयोग के स्पष्ट निर्देश हैं पर बीएलओ एप लॉगिन नहीं किया गया और न ही एसआईआर का कार्य प्रारंभ किया गया है। जिस कारण भारत निर्वाचन आयोग का महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हुआ है।

### किसानों को राशि जारी

**विदिशा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिंगल क्लिक से प्राकृतिक आपदा से हुई फसल क्षति के लिए प्रभावित कृषकों को राहत राशि का वितरण किया। विदिशा जिले के किसानों को 6 लाख 20 हजार 686 रुपए की राशि जारी की गई है, इसी प्रकार जनहानि में 76 लाख रुपए, मकान क्षतिग्रस्त प्रकरणों में एक करोड़ 27 लाख 35 हजार 47 रुपए, पशु हानि में 2 लाख 94 हजार रुपए की राशि जारी की गई है।

# ड्राय-डे के दिन पुलिस ने पकड़ी शराब, आबकारी अमला सुस्त

आबकारी के अधिकारी बदले, हालात वही पुराने, खुलेआम बिक रही शराब तहसीलदार ने की कार्रवाई ।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नटेरन

नटेरन में अवैध शराब खुले आम बेंची जा रही है. करीब 100 से ज्यादा गांव में अवैध शराब का गोरखधंधा चल रहा है। 2 अक्टूबर को शराब बिक्री पर पांबदी लगी थी, लेकिन ड्राय डे के दिन भी नटेरन मुख्यालय समेत आसपास के कई गांव में अवैध शराब बिकती रही। यह अवैध शराब शराब की दुकानों के बाहर से ही बिक रही थी। नटेरन इलाके में करीब 1 दर्जन शराब की दुकाने एक ही ठेकेदार के पास हैं। एक दिन शराब की दुकान बंद होने से ठेकेदार को नुकसान उठाना पड़ता है।

### नुकसान की भरपाई के लिए बिकवाते हैं शराब

एक दिन दुकान बंद रहने से ठेकेदार को लाखों का नुकसान होता है। इसी नुकसान की भरपाई के लिए नटेरन इलाके में गुरूवार को दिनभर करीब 8 से 10 शराब की दुकानों के बाहर खुलेआम महेंगे दामों पर शराब बिकती रही। चौकाने वाली बात यह है कि दिन भर शराब खुलेआम बिकती रही जिसकी खबर न तो पुलिस को लगी और न ही आबकारी विभाग को। हद तो तब हुई जब अवैध शराब की बिक्री को रोकने के लिए खुद तहसीलदार को मैदान में उतरना पड़ा और सूचना मिलने पर अवैध शराब बेंचने वालों पर कार्रवाई कर उनको पुलिस के हवाले किया। कुछ शराब ठेकेदार मुनाफे लिए गांव गांव में कमीशन पर शराब बिकवा रहे हैं।

# संत ने नशा छोड़ने का दिलाया संकल्प

**ग्यारसपुर।** ग्यारसपुर तहसील मैदान में पिछले 30 वर्षों से लगातार रामलीला मंचन और दशहरा महोत्सव का आयोजन होता आ रहा है। इस वर्ष भी हिंदू उत्सव समिति की अध्यक्ष प्रीति शंकर दयाल शर्मा के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ। झांकियों का विशाल चल समारोह निकाला गया, जो देर रात तक नगर में भ्रमण करता रहा। शाम 8 बजे से दुर्गा चौक के कलाकारों द्वारा रामलीला मंचन किया गया। भगवान श्रीराम और रावण के बीच भीषण युद्ध का मंचन हुआ तथा अंत में रावण वध के उपरांत पुतले का दहन किया गया। इस अवसर पर मंच पर मौजूद संत-महात्माओं और जनप्रतिनिधियों का



स्वागत माला और शाल-श्रीफल से किया गया। मुख्य मंच से मुंडरी धाम के संत श्री 1008 परशुराम दास महाराज ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा इस देश की असली शक्ति हैं, किंतु आज की पीढ़ी नशे की चपेट में आ रही है। यदि युवा ही नशे में डूब जाएंगे तो देश की रक्षा और प्रगति कैसे होगी? उन्होंने सभी को नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया। स्थानीय प्रशासन ने विसर्जन घाट और नगर में चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की। अंत में झांकी समितियों के अध्यक्षों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

### खाद की किल्लत से परेशान किसानों ने किया चक्काजाम

**कुरवाई।** डीएपी खाद की किल्लत से परेशान किसानों ने बस स्टैंड पर जाम लगा दिया। सरकारी वितरण संस्था डबल लाक पर खाद वितरण के टोकन बांटते समय डबल लाक के कर्मचारियों द्वारा टोकन बिना नंबर के कुछ लोगों को दे दिए । जबकि किसान सुबह से लाइन में लगे थे गर्मी और उमस की वजह से कुछ बुजुर्ग किसानों की तबीयत खराब हो गई जिन्हें पुलिस वालों ने शासकीय अस्पताल भिजवाया। किसानों ने नाराज होकर नारेबाजी करते हुए बस स्टैंड बीना तिराह जमा लगा दिया। सूचना पर एसडीएम मनीष जैन, तहसीलदार नागेश पवार एसडीओपी रश्मि सिंह, टीआई पंकज गीते ने मौके पर पहुंचकर किसानों को समझा बुझाकर जाम खुलवाया और टोकन व्यवस्था की।

# झोपड़ी तोड़ने से नाराज युवक टावर पर चढ़ा, दोबारा बनाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



नटेरन में शुक्रवार को एक युवक अपनी झोपड़ी तोड़े जाने से नाराज होकर मोबाइल टावर पर चढ़ गया। यह घटना खैराई रोड पर हुई, जहां बलराम मालवीय नामक युवक करीब एक घंटे तक टावर पर बैठा रहा और झोपड़ी दोबारा बनाने की मांग करता रहा।

बलराम और उसका परिवार सरकारी जमीन पर झोपड़ी बनाकर रह रहा था। पंचायत ने झोपड़ी को हटा दिया था। इसी बात से नाराज होकर युवक ने विरोध जताने के लिए टावर पर चढ़ने का कदम उठाया। घटना की सूचना मिलने पर प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने बताया कि युवक नशे की हालत में था। अधिकारियों और गांव के लोगों ने काफी मशक्कत और समझाइश के बाद उसे सुरक्षित नीचे उतारा। स्थानीय निवासियों के अनुसार, बलराम के परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है। उसकी मां और एक भाई का पहले ही निधन हो चुका है। मजदूरी कर वह अपने दो भाइयों और पिता के साथ परिवार का पालन-पोषण करता है।

---

राज्यारानी एक्सप्रेस में अत्यधिक भीड़भाड़ को लेकर की गई शिकायत

# अव्यवस्थाओं पर मानवाधिकार आयोग ने लिया संज्ञान

## मानवाधिकार आयोग ने महाप्रबंधक पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर को जांच कर कदम उठाने निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म क्रमांक 2 और 3 पर अपर्याप्त शेड, खराब शौचालय व्यवस्था, पेयजल की कमी पर रेलवे के महाप्रबंधक जबलपुर को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश जारी किए गए हैं।

तीन माह पहले राज्यारानी एक्सप्रेस में अत्यधिक भीड़भाड़ सहित उक्त शिकायत पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में की गई थी। अब इस मामले में आयोग ने आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। शिकायतकर्ता ने कहा था कि भीषण गर्मी और अस्वच्छ वातावरण के कारण यात्रियों, विशेषकर महिलाओं को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

'राज्यारानी एक्सप्रेस' में केवल 15 कोच होने से अत्यधिक भीड़भाड़ की स्थिति बनी रहती है, जबकि अन्य ट्रेनों में 21–23 कोच उपलब्ध हैं। आयोग द्वारा की गई समीक्षा में पाया गया कि ट्रेन के कोच बढ़ाना मौजूदा परिस्थितियों में संभव नहीं है, क्योंकि भोपाल स्टेशन पर पिट लाइन की क्षमता केवल 15 कोच तक सीमित है। इस समस्या के स्थायी समाधान हेतु आयोग ने नई पिट लाइन के निर्माण अथवा मौजूदा पिट लाइन की क्षमता बढ़ाने पर विचार करने के लिए निर्देश दिए हैं।

### चार सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है

इसके साथ ही आयोग ने यह भी उल्लेख किया कि विदिशा और भोपाल के बीच 9:30 से 12:30 बजे तक कोई ट्रेन उपलब्ध नहीं रहती, क्योंकि इस दौरान ट्रैक रखरखाव ब्लॉक रहता है। इस कारण यात्री सुविधा प्रभावित होती है और अतिरिक्त ट्रेन या कोच की व्यवस्था आवश्यक है। आयोग ने महाप्रबंधक, पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर से चार सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है और शिकायतकर्ता की टिप्पणियों पर भी उत्तर देने के लिए कहा है। यह शिकायत कमलेश सेन सदस्य रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति, पश्चिम मध्य रेल द्वारा प्रस्तुत की गई थी, जिस पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने गंभीरता से कार्रवाई शुरू की है।

विदिशा और भोपाल के बीच 9:30 से 12:30 बजे तक कोई ट्रेन उपलब्ध नहीं

## आवश्यकता

कंप्यूटर ऑपरेटर ▶ 4-5
अकाउंट मैनेजर ▶ 2-3
ट्रकों का मेंटेनेंस रखने के लिए व्यक्ति ▶ 1-2
ऑफिस बॉय ▶ 1
कार ड्राइवर ▶ 1-2

संपर्क - 7693880204
ईमेल- arorafreightcarriervidisha@gmail.com



## पुलिस मुख्यालय से जारी किए गए आदेश की उड़ रहीं धज्जियां

# बिना हेलमेट पुलिस कर्मी दौड़ा रहे दुपहिया वाहन, नहीं होती कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते अक्सर बिना हेलमेट, बगैर नंबर की बाइक पर पुलिस कर्मी दो से तीन चार सवार होकर मोटरसाइकिल दौड़ाते नजर आ रहे हैं। जबकि पीएचक्यू भोपाल से यह आदेश जारी हुए हैं कि कोई भी पुलिस अधिकारी, पुलिस कर्मी बिना हेलमेट के दुपहिया वाहन पकड़े जाएं तो उन पर भी चालानी कार्रवाई की जाए। लेकिन अक्सर देखने में यह आ रहा है कि ड्यूटी पर तैनात यातायात पुलिस कर्मियों के सामने से ही बिना नम्बर की गाड़ी बिना हेलमेट के गाड़ी फर्राटे उड़ाते हुए गुजर जाते हैं। ट्रैफिक कर्मी आंखें फेर कर खड़े रहते हैं।

### बिना हेलमेट वाहन चलाया तो अब खैर नहीं

अब बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने वाले पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों की खैर नहीं हैं। पुलिस मुख्यालय भोपाल से आए सख्त आदेश के चलते जिला स्तर पर बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने वाले पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मुख्यालय भोपाल से आए आदेश को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों ने आदेश के पालन में जिले के समस्त एसडीओपी, थाना प्रभारियों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। सामान्यतौर पर अभी तक पुलिस चेकिंग में बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने वाले आम नागरिक के खिलाफ थाना पुलिस व ट्रैफिक पुलिस चालानी कार्रवाई कर रही थी। लेकिन पुलिस अधिकारी कर्मचारी बिना हेलमेट आसानी से निकल जाते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। इनके खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

निर्देश ये भी हैं कि हरेक महीने उल्लंघन की स्थिति में की गई समीक्षा इकाई स्तर पर कार्रवाई की जाए। पीएचक्यू भोपालने यह सख्त कार्रवाई प्रस्तावित की है। पिछले समय में मोटरसाइकिल एक्टिवा चलाते समय कई पुलिस कर्मी सड़क हादसों में जान गवां चुके

### 5 सालों में 13 पुलिस कर्मियों ने जान गंवाई

वर्ष 2020 से अभी तक पिछले 5 वर्षों में अभी तक सड़क दुर्घटनाओं में 13 पुलिस कर्मियों की अकाल मौतें हो चुकी हैं। वहीं दो दर्जन से ज्यादा चोटिल हो जिंदगी भर दर्द झेल रहे हैं।

### रील वायरल तो होगी कार्रवाई

कई पुलिस अधिकारी पुलिसकर्मी अक्सर मोबाइल से रील बनाकर वीडियो अपलोड करके मजे लेते हैं। लेकिन जिला पुलिस कप्तान पांडेय के अब सख्त आदेश हैं कि सोशल मीडिया पर रील मिली तो कार्रवाई होना तय है।

### ये दिए हैं निर्देश

- समस्त पुलिस थाना, पुलिस लाइन एवं अन्य पुलिस ईकाईयों में गणना के दौरान व रोलकॉल में सभी पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को हेमलेट पहनने के लिए पाबंद किया जाए।
- वाहन चेकिंग के दौरान, यातायात नियमों के उल्लंघनकर्ता पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के धारा 194- डी के तहत चालानी कार्रवाई तथा लाईसेंस अमान्य किया जाए।
- अगर किसी पुलिस अधिकारी व कर्मचारी द्वारा हेलमेट धारण नहीं किया जाता है तो कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।

### इनका कहना है

*पुलिस मुख्यालय भोपाल से निर्देश आए हैं। हमने जिले के एसडीओपी, थाना प्रभारियों को अवगत करा दिया है कि पहले थाना स्तर पर रोल कॉल व गणना के दौरान हेलमेट पहनने के लिए पाबंद किया जाए।*

*पंकज पांडेय एसपी रायसेन*

# नकली दवाई की जांच के बाद भी सरकार जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं : दिग्विजय

## छिंदवाड़ा में नकली सीरप पिलाने से मासूमों को गंवाना पड़ी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने नकली बच्चों के सिरप को लेकर छिंदवाड़ा में हुई 6 मौतो के बाद लेबर जांच कराई जाने के बाद भी डॉ मोहन सरकार और स्वास्थ्य मंत्री अपनी गलती मानने को तैयार नहीं है। उन्होंने बताया कि जबलपुर से छिंदवाड़ा आया था। नकली व घटिया सिरप का डोज बच्चों को पिलाने के बाद उनकी किडनी फेल हो गई। जिससे मासूमों की मौत हुई है। खादय सुरक्षा एवं नियंत्रण आयुक्त मध्य प्रदेश द्वारा गठित टीम ने भी लैब में जांच कराई थी। जांच सही पाई गई फिर भी जिम्मेदारों पर सरकार कार्रवाई क्यों नहीं करती। वह अपना पल्ला झाड़ कर पीड़ितों के अभिभावकों को गुमराह कर झूठी रिपोर्ट पेश कर रही है।

उन्होंने बताया कि भाजपा आरएसएस का चोली दामन का साथ है। शताब्दी वर्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उपलब्धियां गिनवा रहा है कि देश की आजादी के क्रांतिकारी आंदोलन में हमारे संगठन के नेताओं ने भी योगदान दिया है। स्वयंसेवक संघ के नेताओं ने देश की आजादी में कोई कुर्बानी नही दी। इसके बाद वह कार से सीधे मेहगांव पहुंचे, जहां दादाजी बालाजी सरकार की शरण में पहुंचकर उन्हें दंडवत किया और बालाजी सरकार मंदिर की परिक्रमा लगाई। इस मौके पर राज्यसभा सांसद श्री सिंह का मेहगांव के पूर्व सरपंच रविंद्र सिंह बघेल राम अवतार सिंह गुलाब सिंह लाखन सिंह रामलाल कुशवाहा और करण सिंह कुशवाहा द्वारा भगवा गमछा डालकर उनका स्वागत किया।

इसके बाद ग्रामीणों से चर्चा करके कार द्वारा प्रस्थान कर सीधे नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष एवं पार्षद प्रभात चावला के निवास शीतल गार्डन राजश्री भवन पहुंचे।

### चावला परिवार ने किया सम्मान

जहां दिग्विजय सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस भी आयोजित की। इसके बाद चावला परिवार के सदस्यों से मुलाकात करते हुए उनके हाल-चाल भी जाने। कांग्रेस पार्षद प्रभात चावला ने उन्हें श्री राम दरबार की प्रतिमा भी भेंट की। इस अवसर परपूर्व शिक्षा मंत्री राजकुमार पटेल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष देवेंद्र पटेल, पूर्व विधायक बरेली देवेंद्र पटेल गडरवास, नगर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज अग्रवाल कांग्रेस नेता डॉ जीसी गौतम, युवा नेता हर्षवर्धन सिंह सोलंकी, शुभम ठाकुर,प्रेम नारायण मीणा, कामता प्रसाद राजोरिया आदि उपस्थित रहे।

### चंदे से हो रहे कार्यक्रम

*श्री सिंह बोले आरएसएस जनता के सामने झूठ परोस रही है। वह सस्ती और झूठी लोकप्रियता हासिल करना चाहती है। चंदा करके उसने दशहरे पर्व पथ संचलन निकलवाए। जबकि आरएएस कोई रजिस्ट्रेड संस्था भी नहीं है। राज्यसभा सांसद शुक्रवार की शाम को रायसेन के मेहगांव स्थित बालाजी सरकार की शरण में पहुंचे।*

## भोपाल के चल समारोह में शामिल होने के लिए पहुंची झांकियां



**दीवानगंज।** दशहरा के दूसरे दिन ग्यारस को भोपाल में विशाल चल समारोह निकलता है इसमें सम्मिलित होने के लिए विदिशा से आज का झांकियां सम्मिलित होने के लिए भोपाल विदिशा हाईवे 18 से निकली। पूरे हाईवे पर निकालने के दौरान कई भक्तगण सेल्फी और फोटो खींचते हुए नजर आए या झांकियां इतनी सुंदर थी कि सभी भक्तगणों को आकर्षित कर रही थी कई लोगों ने तो वीडियो और फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिए हैं। हर साल कई दर्जन झांकियां विदिशा से भोपाल चल समारोह में सम्मिलित होती है।

# चार धाम झांकी को मिला विशेष पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन







श्री वीर शिवाजी दुर्गा उत्सव समिति पीएचई रोड 16 क्वाटर के 26 वे वर्ष के अवसर पर लगाई गई भव्य पंडाल में गुफा के अंतर्गत 4 धाम दर्शन (जगन्नाथ जी, द्वारकाधीश जी, रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग, बद्रीनाथ जी) एवं रायसेन सोमेश्वर धाम को साक्षात रूप से कैद में दर्शन कराने बाली झांकी को श्री शिवराज सिंह चौहान जी ने विशेष पुरस्कार प्रदान किया एवं समिति के सभी सदस्यों की मेहनत की बहुत तारीफ भी की।

ये झांकी शहर की वही झांकी है जिसमें मां जगदम्बा छत्रपति शिवाजी महाराज को तलवार अर्पित कर रही है। इस अवसर क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मंत्री प्रभु राम चौधरी जी ने भी तारीफ की एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने भी प्रशंसा करते हुए कहा कि वास्तव में काफी मेहनत से समिति के सदस्यों ने भव्य पंडाल तैयार किया है। पुरस्कार वितरण के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्री यशवंत मीणा जी भी उपस्थित रहे तथा शहर के प्रतिष्ठित जनों ने भी झांकी की बहुत तारीफ की और कहा की ऐसी झांकियां निरंतर लगती रहना चाहिए। समिति के सदस्यों ने भी केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त किया।

# पंजीयन की शुरुआत, राज्यमंत्री पटेल ने व्यापारियों, किसानों से किया संवाद

## कृषि उपज मंडी में हुआ भावांतर योजना पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली।





सोयाबीन की समर्थन मूल्य खरीदी में इस वर्ष प्रदेश की सरकार द्वारा भावांतर योजना लागू की गई है। इसके अंतर्गत कृषि उपज मंडी के सभागार में राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल द्वारा व्यापारियों, क्षेत्र के किसानों एवं स्थानीय अधिकारियों मंडी के कर्मचारियों से चर्चा संवाद किया गया।

मंत्री पटेल ने प्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार द्वारा लिए गए भावांतर योजना निर्णय, उससे किसानों को होने वाले लाभ के विषय में विस्तार से चर्चा और योजना की जानकारी दी गई। 3 से 17 अक्टूबर सोयाबीन की भावांतर योजना का पंजीयन शुरू हो गया है।

बैठक में क्षेत्र के विधायक राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल के अलावा एसडीएम संतोष मुदगल, मंत्री सचिव श्रीमती रितु गढवाल, नपं. अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष हीरेन्द्र मालवीय, जगदीश ठाकुर, अनाज व्यापारी संघ के अध्यक्ष नन्हेवीर ठाकुर, राजेन्द्र वर्मा, मनोज शांडिल्य, मोनू साहू, प्रताप ठाकुर सहित अन्य व्यापारियों द्वारा किसानों की उपस्थिति रही।

## भक्ति में डूबा सिलवानी देवी जागरण में गूंजे जयकारे, झूमे श्रद्धालु

**सिलवानी।** नगर में विजयादशमी के पावन पर्व पर गुरुवार की रात कृषि उपज मंडी परिसर देवी भक्ति से सराबोर नजर आया। हिउस संस्था द्वारा आयोजित भव्य देवी जागरण में श्रद्धा, संगीत और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। देर रात तक चले इस कार्यक्रम में नगरवासियों समेत दूर-दराज से आए भक्तों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने आयोजकों को देवी जागरण जैसे धार्मिक आयोजनों के माध्यम से सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के प्रयासों के लिए बधाई दी। उन्होने आयोजन की सराहना करते हुए धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया।

# दशहरा रात्रि जागरण में भजन मंडलों की इनामी प्रतियोगिता जारी, ग्रामीण भी सुनते रहे भजन

◆ रात और दिन भर ग्रामीण मैदान में डेरा डाल सुनते रहे भजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली





हिउस द्वारा इस वर्ष दशहरा पर्व पर रात्रि जागरण कार्यक्रम में प्रदेश स्तरीय भजन मंडलों की ईनामी प्रतियोगिता आयोजित की गई। आधी रात के लगभग भजन मंडलों की प्रतियोगिता शुरू हई, प्रतियोगिता में 21 मंडलों को आमंत्रित किया गया था, परंतु 13 भजन मंडलों की प्रस्तुति दी जा रही है।

जिसमें श्री बाल गोपाल बालिका मंडल चूरनाढाना का विशेष आकर्षण बना हुआ है। रात में शुरू हुई भजन मंडलों की प्रतियोगिता निरंतर जारी बनी हुई है, दूसरे दिन शुक्रवार को दिन भर भजनों को सुनने ग्रामीण श्रद्धालु दशहरा मैदान के पंडाल में डेरा जमायें रहे।

समाचार भेजे जाने तक प्रतियोगिता का चौथा दौर चल रहा था। मंचीय कार्यक्रम में हिउस के सचिव सचिन शान्डिल्य के निर्वाचन के बाद से वर्तमान कार्यक्रम तक हिउस की गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। वह कोषाध्यक्ष राधेश्याम पालीवाल ने वार्षिक आय-व्यय का संपूर्ण ब्योरा सार्वजनिक करते हुए प्रस्तुत किया। भजनों की प्रतियोगिता प्रारंभ होने से पूर्व हिउस के द्वारा अखाड़ों, गणेशोत्सव समिति, ढोल ग्यारस, दुर्गा उत्सव समितियोंको पुरूस्कृत किया गया।

### भजनों का भारी आकर्षण रहा

*ग्रामीणों में धार्मिक संगीतमयी विभिन्न नृत्य मुद्राओं के साथ भजनों को प्रस्तुति का भारी आकर्षण बना हुआ है। जब से धार्मिक भजनों की प्रतियोगिता प्रारंभ हुई, ग्रामीण क्षेत्र के भारी संख्या में लोग लगातार दशहरा मैदान में जमें हुए है। भजनों की प्रस्तुतियां देखने सुनने में मग्न बने रहने के साथ अपने जरूरी कार्यो को भी छोड़ दिया। प्रतियोगिता का चौथा राउंड चल रहा है, शुक्रवार, शनिवार की रात्रि या सुबह तक शेष दो राउंड पूर्ण होने पर प्रतियोगिता का परिणाम और हजारों रू. की पुरूस्कार राशियों का हिउस के द्वारा वितरण किया जाएगा।*

## महाराज जय सिंह के नाम पर है जैसीनगर, समाजजन कर रहे विरोध

# जैसीनगर का नाम बदलने पर भड़का दांगी समाज

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सागर में की थी जैसी नगर का नाम परिवर्तित कर जय शिवनगर करने की घोषणा, दांगी समाज ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



विगत दिनों मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का सागर जिले की सुरखी विस क्षेत्र के जैसीनगर के दौरे पर एक व्यक्ति के निर्देश पर जैसीनगर का नामकरण शिवनगर करने का विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है।

क्षत्रिय दांगी समाज संघ जिला रायसेन इकाई अध्यक्ष अशोक सिंह दांगी के नेतृत्व में शुक्रवार को दोपहर समाजजनों द्वारा एकजुटता दिखाते हुए नाराजगी व्यक्त की है। समाजजनों द्वारा दोपहर को कलेक्ट्रेट तक रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा को ज्ञापन सौंपा। दांगी समाज ने आक्रोश व्यक्त करते हुए चेतावनी देते कहा कि अभी समय है डॉ मोहन सरकार अपना फैसला बदल लें अन्यथा इसके दुष्परिणाम चुनावों में भाजपा को भुगतना पड़ेंगे।

दांगी क्षत्रिय समाज संघ जिला रायसेन सागर जिले की सुरखी विधानसभा क्षेत्र के तहत जैसीनगर का नाम बदलकर अब जय शिवनगर रखने की डॉ मोहन यादव तैयारी कर रही है।जो कि सरासर गलत व अनुचित है।दांगी क्षत्रीय समाज संघ के जिलाध्यक्ष अशोक सिंह दांगी समेत समाजजनों का कहना है राजा जय सिंह हमारी समाज के अग्रज हैं। जैसीनगर उनकी अस्मिता से जुड़ा हुआ है। इसीलिए जैसीनगर का नाम नहीं बदला जाए।

डॉ मोहन सरकार द्वारा नाम परिवर्तन का जो प्रस्ताव पारित किया गया है वह तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए तो बेहतर रहेगा।सागर जिले सहित जैसीनगर में(राजा जय सिंह)में और सागर जिले के अधिकांश भू-भाग में दांगी क्षत्रीय वंशीय के राजा जयसिंह की रियासत रही है।वह दांगी क्षत्रीय ठाकुर समाज सागर जिले के गांव कस्बों में बहुतायत में है। वर्ष 2006 वर्ष से 1732 दांगी समाज के शासक का कब्जा रहा। समाजजनों का कहना है कि यह नाम पूर्णता हिन्दू सनातनी संस्कृति के अनुरूप है। वह ऐतिहासिक धरोहर से भी जुड़ा हुआ है।

सस्ती लोकप्रियता हासिल करने की कोशिश डॉ मोहन सरकार ऊलजलूल निर्णय ले रही है।अगर सरकार ने अपना निर्णय नहीं बदला तो दांगी ठाकुर समाज सड़कों पर उतरकर धरना विरोध प्रदर्शन करेगी। ज्ञापन देने वालों में समाज संघ के जिलाध्यक्ष अशोक सिंह दांगी, कमल सिंह, रामबाबू दांगी, अरुण दांगी,राजेन्द्र दांगी, लालजी राम, धीरज सिंह, राघवेंद्र सिंह, इंदर सिंह, ठाकुर वीरेंद्र सिंह ठाकुर लखन सिंह ठाकुर एडवोकेट, भूपेंद्र सिंह, ब्रजेश दांगी, सतेंद्र सिंह, रवि सिंह दांगी नारायण सिंह ठाकुर आदि शामिल रहे।

# श्रीराम-रावण युद्ध के बाद जला लंकेश धर्मसभा में हुआ पुरस्कारों का वितरण

## सद्भावना विश्व कल्याण की प्रार्थना, विश्व पर छाया संकटः मंत्री पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



विजयादशमी पर्व पर हिउस के तत्वाधान में बडा बाजार से अखाड़ों के प्रदर्शन के साथ भव्य विशाल चल समारोह का दशहरा मैदान पर समापन हुआ। मंच पर श्रीराम रावण की सेवा के बीच युद्ध संवाद के बाद मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम ने रावण का वध किया। मैदान में खडे विशाल रावण के पुतले के जलते ही घनघोर आतिशबाजी फटाकों की आवाज लगभग आधे घंटे तक गूंजती रही।

रात्रि में नपं. अध्यक्ष हेमन्त राजा भैया चौधरी की अध्यक्षता एवं क्षेत्र के विधायक राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल के मुख्य आतिथ्य में धर्मसभा एवं पुरूस्कारों का वितरण कार्यक्रम हुआ। राज्यमंत्री पटेल ने रामलीला मैदान में 46 लाख विधायक निधि से देने और डोम, पेवर ब्लाक लगाने की घोषणा की।

विश्व धरती पर छाया संकट राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने अपने उद्बोधन में शुरूआत धर्म की जय अधर्म का नाश, प्राणियों में सदभावना और विश्व कल्याण के नारें लगाये जाने और उनका विस्तार से वर्णन किया। पटेल ने

कहा कि हम धर्म की जय की बात करतें है, किसी अन्य धर्म का विरोध नहीं, वही अधर्म का नाश हो का मतलब जो बुरें कार्य है उनका नाश हों।